
# 13 लाख से बना संपवेल का उपयोग ही नहीं हो रहा

पत्रिका अभियान

## 10 हजार की आबादी को शुरू होने पर होगा लाभ



गांधीनगर में तैयार किया गया संपवेल।

रतलाम. नगर निगम के जल विभाग ने पटरी पार क्षेत्र के करीब 10 हजार रहवासियों को पेयजल समय पर व तेजी से देने के लिए 13 लाख रुपए की लागत से दिसंबर 2019 में 1 लाख गैलन का संपवेल का निर्माण किया था। इस संपवेल को अब तक शुरू ही नहीं किया जा सका है। गांधीनगर में बनी हुई तीन लाख लीटर क्षमता की पेयजल टंकी को सहयोग देने के लिए बने संपवेल निर्माण का भूमि पूजन झाबुआ विधायक कांतिलाल भूरिया व पूर्व महापौर डॉ. सुनीता यार्दे ने किया था।

गांधीनगर की तीन लाख लीटर की पेयजल टंकी को भरने में इस समय करीब 6 से 8 घंटे का समय लगता है। इस टंकी से गांधीनगर, मीरा कुटी, रिटायर्ड कॉलोनी, इंदिरा नगर, लक्ष्मण पुरा, गार्ड कॉलोनी आदि क्षेत्र के 10 हजार की आबादी को पेयजल का वितरण होता है। तत्कालीन समय में क्षेत्रीय पार्षद भावना पैमाल की मांग पर नगर निगम ने पार्षद निधि 13 लाख रुपए की लागत से इसका निर्माण किया। तब से अब तक इसको शुरू ही नहीं किया गया। पत्रिका।

### 10 एचपी की मोटर

इस संपवेल में 10 हॉर्स पॉवर की मोटर लगाई गई है। इसको शुरू कर दिया जाए तो जो पेयजल टंकी 6 से 8 घंटे में भरती है वो 2 से 4 घंटे में ही भर जाया करेगी। इससे नगर निगम की बिजली का व्यय तो कम होगा ही इसके साथ साथ कम समय में पेयजल टंकी भरने से बेहतर तरीके से पेयजल वितरण हो पाएगा। सिर्फ यही नहीं, शहर में अन्य स्थान पर बनी पेयजल टंकियों व उससे लगे संपवेल को भी शुरू नहीं किया जा सका है। इस टंकी के शुरू होने से गांधीनगर सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा। अब स्थानीय रहवासी पूर्व पार्षद भावना पैमाल के साथ बार बार संपवेल को शुरू करने की मांग कर रहे हैं।

### 30 बार पत्र लिख दिया

नगर निगम को 2019 से अब तक तीस बार पत्र लिख चुकी हूं की संपवेल को शुरू किया जाए, जिससे हमारे क्षेत्र में पेयजल का दबाव बेहतर हो सके। अब तक सुनवाई नहीं हुई है। - **राजेश्वरी रावल,** गृहणी इंदिरा नगर

### काम चल रहा

शहर को प्रतिदिन पेयजल देने की योजना पर कार्य तेजी से चल रहा है। इसी के अंतर्गत जिन टंकियों व संपवेल को शुरू नहीं किया गया है, उनको शुरू किया जाएगा। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 31/7/21.

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अनुकंपा योजना में 454 नियुक्ति पत्र बांटे

# समय पर मिले अनुकंपा नियुक्ति, कोई परेशान न हो

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, अपनों को खोने का दर्द बड़ा है। हम उन्हें वापस नहीं ला सकते, पर सरकार पीड़ित परिजनों के साथ खड़ी है। समय पर अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी। कोई परेशानी न हो कलेक्टरों की जिम्मेदारी है।

यह बात शिवराज ने शुक्रवार को कोरोना से जान गंवाने वाले सरकारी कर्मचारी- अधिकारी की जगह अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले परिजनों से कही। वर्चुअल कार्यक्रम में सीएम ने 454 परिजनों को नियुक्ति पत्र दिए। शिवराज ने कहा, कलेक्टर यह सुनिश्चित कर लें कि पात्र व्यक्तियों को समय पर नियुक्ति पत्र मिल जाएं।



## 1593 आवेदन, 454 को नियुक्ति

योजना में अभी तक कुल 1593 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 454 को नियुक्ति-पत्र दिए गए हैं। बाकी की प्रक्रिया अभी जारी है। इंदौर में सर्वाधिक 27, मंदसौर में 26, भोपाल में 22, होशंगाबाद में 21 तथा शाजापुर में 18 नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

पत्रिका।

## वर्चुअल संवाद कर नई शुरुआत

शिवराज ने अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले कुछ लोगों से वर्चुअल संवाद भी किया। शिवराज ने कहा कि इस नौकरी के जरिए नई शुरुआत कीजिए। इसमें इंदौर से निधि अहिरवार, बालाघाट से प्रखर, रतलाम से आशुतोष सहित करीब तीन दर्जन परिजन मौजूद रहे।

# तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों में न हो जरा भी लापरवाहीः शिवराज

भोपाल. प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर नियंत्रित हुई है, तीसरी की आशंका समाप्त नहीं हुई है। केरल एवं महाराष्ट्र राज्यों में अभी भी बड़ी संख्या में कोरोना के केस आ रहे हैं। मप्र में तीसरी लहर से निपटने की तैयारी में थोड़ी भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। यह बात शिवराज ने शुक्रवार को कोरोना केस, तीसरी लहर से निपटने की तैयारी और वैक्सीनेशन के रिव्यू के दौरान कही। शिवराज ने कहा, प्रदेश में तेजी से टीकाकरण हो रहा है। मप्र टीकाकरण में देश में चौथे स्थान पर है।

## 121 एक्टिव प्रकरण

बैठक में बताया प्रदेश में कोरोना के 121 एक्टिव प्रकरण हैं। 10 नए केस आए हैं। प्रदेश में करीब 70 हजार टेस्ट रोज हो रहे हैं। पॉजिटिविटी दर 0.01 प्रतिशत है। कोरोना संक्रमण में प्रदेश देश में 30वें स्थान पर है।

**कलेक्टरों को सतर्क रहने की नसीहत** : शिवराज ने कहा कलेक्टर अपने जिलों में कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के पर्याप्त इंतजाम करके रखें।

पत्रिका 31/7/21

प्रसारण

# केरल से आने वालों को शासकीय स्तर पर क्वारंटाइन किया जाएगा

रतलाम। कोरोना संक्रमण के मद्देनजर जिले में केरल से आने वाले सभी व्यक्तियों पर नज़र रखी जा रही है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए हैं कि केरल से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को शासकीय स्तर पर क्वारंटाइन किया जाए । रविवार से यह व्यवस्था लागू होगी। केरल से आने वाले व्यक्ति को घर पर क्वारंटाइन नहीं किया जाएगा, शासकीय केयर सेंटर पर क्वारंटाइन किया जाएगा। यह क्वारंटाइन 7 दिनों के लिए होगा। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को इस व्यवस्था पर रखने पर नज़र रखने के निर्देश दिए।

नवभारत 31/7/21

प्रजा/30

# केरल से आने वाले घर पर नहीं होंगे क्वॉरेंटाइन

रतलाम, नप्र। कोरोना संक्रमण के मद्देनजर रतलाम जिले में केरल से आने वाले सभी लोगों पर नजर रखी जा रही है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए हैं कि केरल से आने वाले हर व्यक्ति को शासकीय स्तर पर क्वारेंटाइन किया जाए । यह इंतजाम रविवार से लागू होगा। केरल से आने वाले व्यक्ति को घर पर क्वारेंटाइन नहीं किया जाएगा बल्कि उन्हें सरकारी केयर सेंटर पर ही क्वारेंटाइन किया जाएगा जो सात दिनों के लिए होगा। स्वास्थ्य अमले को इस इंतजाम पर नजर रखने के निर्देश दिए है।

प्रजातन्त्र/ 30/7/21

# केरल से आने वालों को शासकीय स्तर पर क्वारंटाइन किया जाएगा

# जुलाई में बदली शहर की तस्वीर... आखिरी 10 दिन में 10.05 इंच बारिश, हनुमान ताल 70% भरा

रतलाम | आज ये तस्वीर खास है... महीने के आखिरी दिन हनुमान ताल के इस दृश्य को देखना सुखद है क्योंकि जुलाई की शुरुआत में यह तालाब आधे से ज्यादा सूखा था। जुलाई महीने के आखिरी 10 दिन में ही तस्वीर बदली है। इस दौरान 10.05 इंच बारिश हो गई है। अब तक जिले में कुल 18.89% बारिश हो चुकी है। जो इस महीने के कुल कोटे से 15.53% ज्यादा है। इधर सावन के महीने की अभी शुरुआत ही हुई है, भादौ भी बाकी है। ऐसे में अगस्त में भी अच्छी बारिश की उम्मीद बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिक भी आगामी दिनों में अच्छी बारिश की बात ही कह रहे हैं।



फोटो | पिंटू मेहता

**सभी ब्लॉक में पिछले साल से ज्यादा बारिश, सिर्फ बाजना ही पिछड़ रहा**

| ब्लॉक | अब तक | पिछले साल | अंतर |
|---|---|---|---|
| रतलाम | 16.29 | 13.66 | +2.63 |
| आलोट | 16.29 | 15.86 | +0.43 |
| जावरा | 26.65 | 15.59 | +11.06 |
| ताल | 23.07 | 17.04 | +5.98 |
| पिपलौदा | 16.57 | 9.60 | +6.96 |
| बाजना | 13.22 | 14.92 | -1.69 |
| रावटी | 17.16 | 16.85 | +0.29 |
| सैलाना | 21.85 | 16.02 | +5.82 |
| जिला | 18.85 | 14.92 | +3.93 |

**लो प्रेशर एरिया और मानसून ट्रफ लाइन से बदल रहा मौसम** - शुक्रवार को सुबह रिमझिम तो दोपहर में भी फुहार थी। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के जीडी मिश्रा ने बताया झारखंड-पं. बंगाल में समुद्र तल से 7.6 किमी की ऊंचाई तक लो प्रेशर एरिया सक्रिय है, यह अगले 48 घंटे में बिहार-उत्तर प्रदेश की तरफ विस्थापित होगा। दक्षिणी-मध्य उत्तरप्रदेश में अन्य लो प्रेशर एरिया भी सक्रिय है। मानसून ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। अभी कम या मध्यम बारिश होती रहेगी।

**22 डिग्री पर पहुंचा रात का तापमान** - शुक्रवार को अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री व गुरुवार को न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री रहा।

दै. भास्कर 31/7/21

# कोरोना से मौत के बाद 32 आवेदन आए, 15 को मिली नौकरी, नियुक्ति-पत्र सौंपे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सीएम कोविड अनुकंपा नियुक्ति योजना के अंतर्गत पात्र आवेदकों को सीएम ने शुक्रवार को वर्चुअली नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। वहीं एनआईसी कक्ष में कलेक्टर ने आवेदकों को नियुक्ति-पत्र दिए।

कोरोना से मौत होने के बाद सीएम कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति हेतु 32 आवेदन ऑनलाइन मिले थे। इनमें से 15 आवेदन पत्रों में समिति की अनुशंसा के आधार पर पात्र जाए पाए जाने पर इन्हें अनुकंपा नियुक्ति दी गई। 4 आवेदनकर्ताओं ने डबल ऑनलाइन आवेदन कर दिए। आदिवासी विकास विभाग के 5 प्रकरणों में जिले में पद रिक्त नहीं होने से आवेदन भोपाल भेजे गए। वहीं जल संसाधन विभाग का भी एक प्रकरण में प्रकरण भोपाल प्रेषित किया गया। वहीं 7 आवेदन अपात्र पाए जाने पर निरस्त किए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया मौजूद थे।



अनुकंपा नियुक्ति के पत्र देने के दौरान मौजूद कलेक्टर।

भास्कर

## इन्हें प्रदान किए गए नियुक्ति-पत्र

- आशुतोष पत्नी स्व. सीमा श्रीवास्तव, रतलाम।
- नवीन कुमार डामोर पिता स्व. भालचंद्र डामोर ग्राम चिकलिया
- अमित वर्मा माता स्व. सौरभ वर्मा पंचेड़।
- मोहित मालीवार पिता स्व. मांगीलाल मालीवार माऊखेड़ी।
- कमलसिंह देवड़ा पिता स्व. शंभूसिंह देवड़ा रामरहीम नगर।
- अभिमाएल लिंकन माता स्टेला
- पीयूष खिलवानिया पिता स्व. कैलाशचंद्र बेड़दा।
- हेमंत भंवर माता स्व. राजुल भंवर अलकापुरी।
- राकेश पिता स्व. कमल मईडा सैलाना।
- रामी पति स्व. रमेशचंद्र गणावा मऊडीपाड़ा सैलाना।
- राजेश परिहार माता वरदीबाई
- सपना अग्रवाल पिता स्व. फकीरचंद्र दायमा ताल।
- महेंद्रसिंह पिता स्व. ईश्वरसिंह सोलंकी दीनदयाल नगर।
- आलोक श्रीवास्तव पिता मदनलाल श्रीवास्तव रतलाम।
- संध्या पिता अवधेश चौरसी रतलाम।

दै. भास्कर 31/7/21

# 454 पात्रों को दिए अनुकंपा नियुक्ति पत्र

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। कोरोनाकाल में अपनों को खो चुके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति सहित अन्य सुविधाओं के लिए भटकना न पड़े। उन्हें अभियान चलाकर नियुक्ति दें। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कलेक्टरों से वर्चुअली कही। वे मंत्रालय में 'मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना' के 454 पात्रों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र बांट रहे थे। चौहान ने कहा कि सभी कलेक्टर तय करें कि पात्र व्यक्तियों को समय पर नियुक्ति

नईदुनिया 31/7/21

## मुख्यमंत्री ने बांटी 'राहत'

### शिवराज ने कलेक्टरों से कहा- पात्र व्यक्तियों को भटकना न पड़े

### 1593 आवेदन आए

योजना के तहत अभी तक 1593 आवेदन आए हैं, जिनमें से 454 को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। शेष की प्रक्रिया चल रही है। इंदौर में सर्वाधिक 27, मंदसौर में 26, भोपाल में 22, होशंगाबाद में 21 तथा शाजापुर में 18 नियुक्ति पत्र बांटे गए हैं।

# अन्न दिवस पर राशन दुकानें पीएम और सीएम से जुड़ेंगी

**रतलाम, नप्र।** 'अन्न उत्सव' में प्रदेश की सभी उचित मूल्य दुकाने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगी। इस दिन उपभोक्ताओं को दिया जाने वाले खाद्यान्न झोले में वितरित किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए हैं कि सभी सहकारी समितियों और भंडारों की ओर से संचालित की जानी वाली उचित मूल्य दुकानों को नियमित रूप से खोले। साथ ही वितरित की जाने वाली सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखा जाए। सभी उचित मूल्य दुकानों में समुचित साफ-सफाई के साथ उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए दुकान पर जरूरी व्यवस्थाएं की जाए। उचित मूल्य दुकानों के सेल्समेनों को निर्देशित किया कि दुकान पर योजना के बैनर पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के चित्र भी लगाए जाए। इस कार्यक्रम का टीवी पर भी प्रसारण होगा। इसके लिए सभी कार्यक्रम स्थलों पर टीवी सेट रखकर प्रसारण की व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लिंक अलग से भेजी जाएगी। इस कार्यक्रम के लिए समय पर पर्याप्त उपभोक्ता एवं जनप्रतिनिधि भी दुकान पर उपस्थित रहें। यह संख्या कम से कम 50 से 100 तक रहे। हर दुकान पर एक शासकीय नोडल अधिकारी होगा।

## कंट्रोल रूम बना

जिले में 7 अगस्त को अन्न उत्सव आयोजन होगा। इसके लिए जिला खाद्य कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07412 270414 है। कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक आपूर्ति अधिकारी उमेश कुमार पांडेय रहेंगे।

प्रभात किरण 30/7/21

# अन्न उत्सव की तैयारी के लिए तैनात किए मंत्री-अधिकारी

**भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)।** प्रदेश में सात अगस्त को अन्न उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 25 हजार 435 उचित मूल्य की राशन दुकानों पर सुबह 11 बजे से कार्यक्रम होगा। यहां टीवी लगाई जाएगी ताकि सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुन सकें। प्रत्येक दुकान पर सौ उपभोक्ताओं को दस किलोग्राम भार क्षमता के थैलों में राशन वितरित किया जाएगा। सभी जगहों पर जनप्रतिनिधि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। अन्न उत्सव की तैयारी के लिए मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया गया है। मंत्री प्रभार के जिलों में एक दिन पहले इस संबंध में पत्रकार वार्ता भी लेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्सव की तैयारियों को लेकर प्रभारी मंत्री और कलेक्टर-कमिश्नर के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इसमें असम, उत्तराखंड, त्रिपुरा, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और गोवा के खाद्य मंत्री भी शामिल हुए।

बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना और मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को नवंबर तक निःशुल्क राशन दिया जा रहा है। सात अगस्त को प्रदेश में अन्न उत्सव मनाकर राशन वितरण किया जाएगा। इस बार प्रदेश सरकार थैले में राशन देगी। थैले पर 'जन जन राशन-घर घर राशन' लिखा रहेगा।

नईदुनिया 31/7/21

# अन्न उत्सव 7 को, राशन दुकान पर लगेगी टीवी

**रतलाम** | पूरे प्रदेश में 7 अगस्त को अन्न उत्सव मनाया जाएगा। जिले में भी इसके लिए तैयारी चल रही है। इस मौके पर सभी राशन दुकानों की रंगाई-पुताई, सफाई के आदेश भी दिए गए हैं। ज्यादातर राशन दुकानों की स्थिति सालों से जस की तस है। यह पहली बार है जब इनको संवारने के निर्देश दिए गए हैं। हर दुकान पर टीवी भी लगाया जाएगा, जिस पर सीएम व पीएम के भाषण का प्रसारण होगा।

दै. भास्कर 31/7/21

# बारिश से बिगड़ी जिले में सड़कों की सूरत

## मौसम ● जिले में रुक-रुककर हो रही रिमझिम-तेज बारिश

रतलाम। शहर सहित अंचल में रिमझिम-तेज बारिश का सिलसिला जारी है। सावन मास में शुक्रवार को दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही। इससे सड़कें गीली होती रहीं, वहीं खेतों में खरीफ फसलें लहलहाती रहीं। बारिश से जहां मौसम खुशनुमा बना हुआ, वहीं जलस्रोतों में भी पानी एकत्र होने लगा है। अब तक 19 इंच बारिश हो चुकी है। यह गत वर्ष के मुकाबले चार इंच ज्यादा है। जिले की कुल सामान्य औसत बारिश 918.3 मिमी और अब तक की 415.4 मिमी है। उधर, बारिश से कई समस्याएं भी निर्मित हो गई हैं। शहर सहित अंचल में कई सड़कों की सूरत बिगड़ गई है, वहीं कई जगह कीचड़ फैल रहा है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश के खुशनुमा मौसम में प्रकृति ने हरियाली की चादर ओढ़ ली है। रुक-रुककर बरस रही कृपा से चारों तरफ खुशियां छाई हुई है। सुबह आठ बजे समाप्त हुए बीते चौबीस घंटों के दौरान जिले में 8.7 मिमी औसत बारिश हुई। आलोट तहसील में एक मिमी, जावरा में तीन मिमी, ताल में दो मिमी, पिपलौदा, बाजना, रतलाम में 14-14 मिमी, रावटी में 1.4 मिमी और सैलाना तहसील में 20 मिमी पानी बरसा। अब तक 479.9 मिमी औसत बारिश हो चुकी है। गत वर्ष इस अवधि में 379.7 मिमी पानी बरसा था। गत वर्ष के मुकाबले अब तक 100.2 मिमी पानी ज्यादा बरस चुका है। नईदुनिया



गड्ढे में तब्दील हुई दो बत्ती-डाट की पुल क्षेत्र की सड़क। ● नईदुनिया

### गड्ढेदार सड़क पर आवाजाही में परेशानी

लगातार रुक-रुककर हो रही रिमझिम-तेज बारिश से शहर सहित अंचल में सड़कों की स्थिति खराब हो गई है। शहर में प्रमुख दो बत्ती, डाट की पुल रोड, कस्तूरबानगर, जवाहनगर, रेलवे कालोनी, अलकापुरी, रत्नपुरी, डोंगरेनगर मुख्य मार्ग, टाटानगर, दीनदयालनगर, त्रिपोलिया गेट, अमृत सागर तालाब रोड आदि स्थानों की सड़कों पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इससे वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों में टूट-फूट भी हो रही है।

### जिले की तहसीलों में बारिश की स्थिति (मिमी)

| तहसील | अब तक | गत वर्ष की बारिश |
|---|---|---|
| आलोट | 414.0 | 403.0 |
| जावरा | 677.0 | 396.0 |
| ताल | 586.0 | 433.2 |
| पिपलौदा | 421.0 | 244.0 |
| बाजना | 336.0 | 379.0 |
| रतलाम | 414.0 | 347.0 |
| रावटी | 436.0 | 428.6 |
| सैलाना | 555.0 | 407.0 |
| औसत | 479.9 | 379.7 |

### बाजना को छोड़ सभी तहसीलें आगे

गत वर्ष के मुकाबले बाजना को छोड़कर जिले की अन्य सभी तहसीलें आगे है। बाजना तहसील में जहां 43 मिमी पानी कम बरसा है, वहीं आलोट में 11 मिमी, जावरा में 281 मिमी, ताल में 152.8 मिमी, पिपलौदा में 177 मिमी, रतलाम में 67 मिमी, रावटी में 7.4 मिमी, सैलाना में 148 मिमी बारिश अधिक हुई है।

नईदुनिया। 31/7/21

# मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना में जिले के 15 आवेदकों को मिले नियुक्ति पत्र

## मुख्यमंत्री ने वर्चुअली नियुक्ति पत्र प्रदान किए

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

मुख्यमंत्री कोविड अनुकंपा नियुक्ति योजना के अंतर्गत पात्र आवेदकों को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने शुक्रवार को वर्चुअली नियुक्ति पत्र प्रदान किए। रतलाम एनआईसी कक्ष में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने सभी आवेदकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए । इस अवसर पर सीइओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया आदि उपस्थित थे।



जिले में जिन आवेदकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए उनमें आशुतोष पत्नी स्वर्गीय श्रीमती सीमा श्रीवास्तव निवासी रतलाम, नवीन कुमार डामोर पिता स्व. भालचंद्र डामोर ग्राम चिखलिया, अमित वर्मा माता स्व. श्रीमती सौरभ वर्मा निवासी पंचेड,मोहित मालीवार पिता स्वर्गीय मांगीलाल मालीवार ग्राम मऊखेड़ी, कमलसिंह देवड़ा पिता स्वर्गीय शंभूसिंह देवड़ा रामरहीम नगर रतलाम, अभिमाएल लिंकन माता श्रीमती स्टेला लिंकन निवासी रतलाम, पीयूष बिलवानिया पिता स्वर्गीय कैलाशचंद्र निवासी बेड़दा, हेमंत भंवर माता स्वर्गीय श्रीमती राजुल भंवर निवासी अलकापुरी, राकेश पिता स्वर्गीय कमल मईडा निवासी सैलाना, श्रीमती रामी पति स्वर्गीय रमेशचंद्र गणावा निवासी मऊड़ीपाड़ा सैलाना, राजेश परिहार माता श्रीमती वरदीबाई निवासी ग्राम धामनोद, श्रीमती सपना अग्रवाल पिता स्वर्गीय फकीरचंद्र दायमा निवासी ताल, महेंद्रसिंह पिता स्वर्गीय ईश्वरसिंह सोलंकी निवासी दीनदयाल नगर, आलोक श्रीवास्तव पिता मदनलाल श्रीवास्तव निवासी रतलाम, श्रीमती संध्या पिता अवधेश चौरसी निवासी रतलाम को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि रतलाम जिले में मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति हेतु 32 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए थे। इनमें से 15 आवेदन पत्रों में समिति की अनुशंसा के आधार पर पात्र पाए जाने पर इन्हें अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई।

4 आवेदन पत्र में आवेदन कर्ताओं द्वारा डबल ऑनलाइन आवेदन किए गए। आदिवासी विकास विभाग के 5 प्रकरणों में जिले में पद रिक्त नहीं होने से आवेदन भोपाल प्रेषित किए गए। जल संसाधन विभाग के एक प्रकरण में प्रकरण भो[illegible] प्रेषित किया गया। 7 आवेदन अपात्र पाए जा[illegible]र निरस्त किए गए।

प्रसारण

प्रसारण 3/7/21

# निगम की लापरवाही से शहर की स्ट्रीट लाइट बंद, नागरिक परेशान

रतलाम ● स्वदेश समाचार

पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद राजीव रावत ने निगम प्रशासक एवं निगम आयुक्त को पत्र लिखकर शीघ्र ही शहर में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराए जाने की मांग की ।

श्री रावत ने बताया कि नगर निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही के कारण शहरवासियों को आए दिन समस्या का सामना करना पड़ता है, चाहे जल विभाग की समस्या हो ,स्वस्थ्य विभाग की या फिर स्ट्रीट लाइटों की समस्या हो।

स्ट्रीट लाइट सुधारने वाला विभाग शासन ने वर्षों पूर्व ठेके पर दे दिया था, वह विभाग ठेके पर चले जाने के बाद स्ट्रीट लाइट खराब हो जाने की शिकायत करने के बाद भी महीनों तक लाइट ठीक नहीं हो पा रही है। विगत 4 माह से शहर की करीब 2000 स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी है । जिसके कारण जहां आमजन को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं । वही अंधेरे वाले क्षेत्र में चोर भी सक्रिय हो जाते हैं पुलिस को चुनौती देते रहते हैं।

आईसीएल कंपनी के कर्मचारियों का कहना है कि नगर निगम इन स्ट्रीट लाइटों का खराब सामान की जगह नए सामान उपलब्ध कराएगा तभी हम इन लाइटों को सुधार पाएंगे। वहीं निगम अधिकारी न तो हां कहते हैं न ही ना जिससे कि स्ट्रीट लाइट की समस्या जस की तस बनी हुई है ।

स्वदेश 31/7/21



# प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ला ने विधायक काश्यप के साथ रतलाम में विशेष औद्योगिक निवेश क्षेत्र का निरीक्षण किया

## शासकीय भूमि पर ही विकसित होगा रतलाम का नया औद्योगिक निवेश क्षेत्र

**स्वतंत्र एलान संवाददाता**

रतलाम। प्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ला ने गुरुवार को विधायक चेतन्य काश्यप के साथ रतलाम में बनने वाले विशेष औद्योगिक निवेश क्षेत्र का निरीक्षण किया। यह निवेश क्षेत्र 1542 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर ही विकसित किया जाएगा। विधायक श्री काश्यप के अनुसार निवेश क्षेत्र के लिए कोई भी निजी कृषि भूमि अधिगृहित नहीं की जाएगी। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि रतलाम निवेश क्षेत्र की योजना वर्ष 2014 में तैयार की गई थी, तब यह दिल्ली-मुम्बई रेलवे फेट कॉरिडोर से संबद्ध थी। वर्तमान में दिल्ली-मुम्बई के बीच बन रहे 8 लेन एक्सप्रेस वे से इसकी प्रासंगिकता और बढ़ गई है। इसीलिए मुख्यमंत्री श्री.शिवराजसिंह चौहान ने 4 फरवरी को रतलाम प्रवास के दौरान इस प्रदेश के दूसरे बड़े निवेश क्षेत्र को विकसित करने की घोषणा की थी। उनकी घोषणानुसार इसे चरणबद्ध रूप से विकसित किया जाएगा। विशेष निवेश क्षेत्र के लिए 1542 हेक्टेयर शासकीय भूमि उद्योग विभाग को आवंटित की जा चुकी है। इस निवेश क्षेत्र से लॉजिस्टीक, औद्योगिक, व्यावसायिक, आवासीय, शैक्षणिक एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का विकास होगा।

प्रमुख सचिव श्री शुक्ला व विधायक श्री काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, औद्योगिकी विकास निगम के कार्यकारी संचालक रोहन सक्सेना, मुख्य प्रबंधक आर.के. भंवर के साथ रतलाम के ग्राम बिबड़ोद इत्यादि में पहुंचकर निवेश क्षेत्र का जायजा लिया। उन्होंने औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी संचालक श्री सक्सेना को निर्देश दिए कि नए औद्योगिक निवेश क्षेत्र का देश भर में प्रचार-प्रसार किया जाए और निवेश करने इच्छुक उद्योगपतियों को समूह बनाकर रतलाम में लाने की योजना भी बनाए। श्री शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए देश के कई बड़े उद्योगपति इच्छुक है।

**नमकीन क्लस्टर का जायजा लिया**

प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने रतलाम में विशेष निवेश क्षेत्र का जायजा लेने के बाद ग्राम करमदी में नमकीन क्लस्टर की इकाइयों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने यहां स्थानीय उद्योगपतियों और गणमान्य व्यक्तियों से चर्चा की।

स्वतंत्र एलान 31/7/21

स्वतं

**सख्ती** • लॉकडाउन में व्यापारी लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करा पाए, अब 25फीसदी पेनल्टी मांग रहे

# जनता के करों की पेनल्टी माफ, व्यापारियों से अभी भी वसूला जा रहा 25 फीसदी जुर्माना

### शहर के सात हजार व्यापारी प्रभावित

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम ने विभिन्न करों पर लगने वाली पेनल्टी 31 जुलाई तक माफ कर दी है। इससे जनता को बड़ी राहत मिली है लेकिन व्यापारियों से लाइसेंस नवीनीकरण के लिए अभी भी पेनल्टी वसूली जा रही है। वो भी दो-पांच फीसदी नहीं बल्कि 25 फीसदी। जबकि लॉकडाउन के कारण व्यापारी लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करा पाए। इसमें व्यापारियों की गलती नहीं है। बावजूद उनसे लाइसेंस फीस पर 25 फीसदी पेनल्टी मांगी जा रही है। इससे कारोबारी नाराज हैं। कारोबारियों का कहना है कि जनता के करों पर लगने वाली पेनल्टी तो माफ कर दी है तो फिर व्यापारियों से पेनल्टी क्यों वसूली जा रही है।

शहर में 7 हजार व्यापारी हैं जिन्होंने निगम से लाइसेंस ले रखा है। इन्हें लाइसेंस का नवीनीकरण हर साल करना होता है। अप्रैल में लाइसेंस का नवीनीकरण होता है लेकिन इस बार 9 अप्रैल से शहर में लॉकडाउन लग गया था जो दो महीने था। इससे व्यापारी लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करा पाए। अब जब निगम में जा रहे हैं तो उनसे कहा जा रहा है 25 फीसदी पेनल्टी मांगी जा रही है। इससे व्यापारी भी हैरत में है। क्योंकि जलकर सहित अन्य करों पर तो पेनल्टी 31 जुलाई तक के लिए माफ कर दी है। लेकिन लाइसेंस नवीनीकरण में अभी भी वसूली जा रही है।

भास्कर

## पसोपेश: निगम के पोर्टल पर पेनल्टी की जानकारी नहीं

### जनता को कोरोना में राहत के ये आदेश जारी किए

कोरोना कर्फ्यू व विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध के कारण निकाय व करों एवं उपभोक्ता प्रभारों पर अधिभार (सरचार्ज) आदि देय हो गए हैं। ऐसे नागरिक जो 31 जुलाई तक नगरीय निकायों को कर एवं उपभोक्ता प्रभार आदि का भुगतान करेंगे, उन्हें 3 माह अप्रैल से जून, 2021 तक की अवधि के अधिभार (सरचार्ज) नहीं देने होंगे।

**500 से 2000 रुपए फीस** - खाने पीने की सामग्री सहित अन्य कारोबार करने वालों को निगम से लाइसेंस लेना जरूरी है। इसके लिए सालाना 500 से 2000 रुपए फीस है।

**अफसर बोल रहे पेनल्टी चुकाना होगी** - निगम के पोर्टल पर पेनल्टी संबंधित जानकारी नहीं आ रही है। व्यापारी जब निगम जा रहे हैं तो उन्हें अफसर बोल रहे हैं पोर्टल पर पेनल्टी चुकाना होगी।

**व्यापारी ही क्यों** - संयुक्त व्यापारी संघ के संजय पारख ने बताया सरकार ने बस व्यापारियों को तो वसूली के लिए चुन रखा है। जनता के करों पर लगने वाली पेनल्टी तो 31 जुलाई तक के लिए माफ कर दी। लेकिन व्यापारियों से लाइसेंस पर शुल्क पर पेनल्टी वसूली जा रही है और वो भी 25 फीसदी तक।

**निगम से लाइसेंस लेना जरूरी नहीं** - खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू हो गया है। इसके मुताबिक किराना, ड्रायफ्रूट सहित अन्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा विभाग से लाइसेंस लेना जरूरी है। इसके अलावा उन्हें अन्य किसी भी संस्था से लाइसेंस की जरूरत नहीं है। इसके बाद भी नगर निगम के अधिकारी व्यापारियों से लाइसेंस मांग रहे हैं।

**लाइसेंस लेना जरूरी नहीं** - वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरआर सोलंकी ने बताया खाने पीने की वस्तुएं बेचने वाले कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा विभाग से ही लाइसेंस लेना है। अन्य से लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं है।

दे. भास्कर 31/7/21

मुख्यमंत्री ने वर्चुअली रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए

# मिली सौगात: मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा में 15 को मिले नियुक्ति पत्र

रतलाम. मुख्यमंत्री कोविड अनुकंपा नियुक्ति योजना के अंतर्गत पात्र आवेदकों को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने शुक्रवार को वर्चुअली नियुक्ति पत्र प्रदान किए। रतलाम एनआईसी कक्ष में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी आवेदकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।



जिले में जिन आवेदकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, उनमें आशुतोष पत्नी स्व. सीमा श्रीवास्तव निवासी रतलाम, नवीन कुमार पिता स्व. भालचंद्र डामोर ग्राम चिखलिया, अमित वर्मा माता स्व. सौरभ वर्मा निवासी पंचेड़, मोहित पिता स्व. मांगीलाल मालीवार ग्राम मऊखेड़ी, कमलसिंह पिता स्व. शंभूसिंह देवड़ा रामरहीम नगर रतलाम, अभिमाएल लिंकन माता स्टेला लिंकन निवासी रतलाम, पीयूष खिलवानिया पिता स्व. कैलाशचंद्र निवासी बेड़दा, हेमंत भंवर माता स्व. राजुल भंवर निवासी अलकापुरी, राकेश पिता स्व. कमल मईडा निवासी सैलाना, रामी पति स्व. रमेशचंद्र गणावा निवासी मऊडीपाड़ा सैलाना, राजेश परिहार माता धरदीबाई निवासी ग्राम धामनोद, सपना पिता स्व. फकीरचंद्र दायमा निवासी ताल, महेंद्रसिंह पिता स्वर्गीय ईश्वरसिंह सोलंकी निवासी दीनदयाल नगर, आलोक श्रीवास्तव पिता मदनलाल श्रीवास्तव निवासी रतलाम, संध्या पिता अवधेश चौरासी निवासी रतलाम को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि रतलाम जिले में मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति के लिए 32 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए थे। इनमें से 15 आवेदन पत्रों में समिति की अनुशंसा के आधार पर पात्र जाए पाए जाने पर इन्हें अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। 4 आवेदन पत्र में आवेदन कर्ताओं द्वारा डबल ऑनलाइन आवेदन किए गए। आदिवासी विकास विभाग के 5 प्रकरणों में जिले में पद रिक्त नहीं होने से आवेदन भोपाल प्रेषित किए गए। जल संसाधन विभाग के एक प्रकरण में प्रकरण भोपाल प्रेषित किया गया। 7 आवेदन अपात्र पाए जाने पर निरस्त किए गए। पत्रिका

पत्रिका 31/7/21

# ढोर पर नहीं जोर...



हम तो यहां भी... प्रभा. 30

मवेशी सड़कों पर है और लोगों की आवाजाही भी। चित्र सैलाना रोड चेतक ब्रिज का

**रतलाम, नप्र।** नगर निगम कहता है कि नगर को साफ-स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सड़कों... चौराहों और सार्वजनिक जगह पर खुले रूप से घूमने वाले मवेशियों को पकड़ा जा रहा है। हजार से ज्यादा मवेशियों को पकड़ने का दावा भी ठोंका जा रहा है मगर हैरानी की बात है कि इतना सबकुछ करने के बाद भी मवेशी सड़कों पर दिखाई दे रहे है।

शनिवार शाम 7 बजे सैलाना चेतक ओवरब्रिज पर गाय अपने दो बछड़ों के साथ मौजूद रही तब बारिश भी हो रही थी। राममंदिर से सैलाना बसस्टेंड की ओर आने वाले वाहन चालक परेशान हो रहे थे। वजह थी कि मवेशी कभी इधर जाते तो कभी उधर..वह तो खैर हो कि गाय और बछड़े तीनों ही साथ-साथ रहकर बारिश में ब्रिज की सैर का आनंद लेते रहे। अगर थोड़ी भी मस्ती करते तो वाहन चालकों पर बन आती। बात पुराना बाजना बसस्टेंड की करते है। एक घंटे पहले यहां भी बारिश हो रही थी। और दो नंदी बीच सड़क में खड़े थे। लोगों को डर था कि बारिश में कहीं ये दोनों गुत्थमगुत्था ना हो जाए। कुछ ही दूरी पर नये बाजना बसस्टेंड पर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी बारिश से बचते हुए एक होटल पर खड़े होकर मोबाइल के वाट्सएप पर सफाई के फोटो देख रहे थे। मगर वहीं उनकी आंखों के सामने होटल के बाहर गोबर पड़ा दिखाई नहीं दे रहा था। अगर देखते तो पता चलता कि यहां मवेशी घूमते रहते है... गंदगी होती रहती है..निगम के जवाबदारों की निगाहें ऐसी जगह पर नहीं पड़ती उन्हें तो जुर्माना ठोंकने के लिए बाजना बस्टेंड की होटलों पर गंदगी और कचरा नजर आ जाता है जबकि गाय और नंदी यहां पर भी भी खुले रूप से....

प्रभातकिरण 30/7/21

# अमृत सागर मार्ग को शीघ्र दुरुस्त किया जाए -शहर कांग्रेस

रतलाम। जिला (शहर )कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया से मुलाकात कर अमृत सागर के आसपास की रोड को शीघ्र चलने लायक करने के लिए अनुरोध किया है! श्री कटारिया ने बताया वर्तमान में श्रावण मास में श्रद्धालु बहुत अधिक संख्या में रतलाम के पौराणिक गढ़ कैलाश मंदिर पर जाते हैं, साथ ही इसी मार्ग पर अन्य धार्मिक स्थल भी बने हुए हैं। परंतु श्रद्धालुओं का जाना दुष्कर कार्य हो गया है! अतः इस को प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाना आवश्यक है! निगम प्रशासन यदि सुनवाई नहीं करता है तो शहर कांग्रेस कमेटी आंदोलन करेगी।

स्वतंत्र लेखनी 31/7/21

प्रभातकिरण 30/7/21

# सरकारी जमीन पर नए उद्योग

**रतलाम, नप्र। रतलाम में विशेष औद्योगिक निवेश क्षेत्र बनना है। यह निवेश क्षेत्र 1542 हेक्टेयर की सरकारी जमीन पर ही बनाया जाएगा। इस निवेश के लिए किसी की भी निजी कृषि भूमि को नहीं लिया जाएगा।**

निवेश क्षेत्र का जायजा लेने के लिए प्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला रतलाम आए। उनके साथ विधायक चेतन्य काश्यप भी थे। काश्यप के अनुसार निवेश क्षेत्र के लिए कोई भी निजी कृषि भूमि अधिगृहित नहीं की जाएगी। काश्यप ने बताया कि रतलाम निवेश क्षेत्र की योजना 2014 में तैयार की गई थी। तब यह दिल्ली-मुम्बई रेलवे फ्रेट कॉरिडोर से संबद्ध थी। वर्तमान में दिल्ली-मुंबई के बीच बन रहे 8 लेन एक्सप्रेस वे से इसकी प्रासंगिकता और बढ़ गई है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने 4 फरवरी को रतलाम प्रवास दौरान प्रदेश के दूसरे बड़े निवेश क्षेत्र को विकसित करने की घोषणा की थी। उनकी घोषणानुसार इसे चरणबद्ध रूप से विकसित किया जाएगा। विशेष निवेश क्षेत्र के लिए 1542 हेक्टेयर शासकीय भूमि उद्योग विभाग को आवंटित की जा चुकी है। इस निवेश क्षेत्र से लॉजिस्टीक, औद्योगिक, व्यावसायिक, आवासीय, शैक्षणिक एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का विकास होगा। रतलाम के बिबड़ोद में पहुंचकर निवेश क्षेत्र का जायजा लिया। नए औद्योगिक निवेश क्षेत्र का देश भर में प्रचार प्रसार कर निवेश करने इच्छुक उद्योगपतियों को समूह बनाकर रतलाम में लाने की योजना बनाए जाने के निर्देश शुक्ला ने देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए देश के कई बड़े उद्योगपति इच्छुक हैं। विशेष निवेश क्षेत्र का जायजा लेने के बाद प्रमुख सचिव ने करमदी में नमकीन क्लस्टर की इकाइयों का निरीक्षण भी किया। शुक्ला के निरीक्षण दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, औद्योगिकी विकास निगम कार्यकारी संचालक रोहन सक्सेना, मुख्य प्रबंधक आर.के. भंवर भी साथ रहे।



# प्रमुख सचिव ने औद्योगिक निवेश क्षेत्र का निरीक्षण किया, कोई भी निजी भूमि नहीं ली जाएगी

रतलाम। प्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ल ने गुरुवार को दिल्ली-मुंबई कारीडोर स्थित विशेष निवेश क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी भी मौजूद थे। प्रमुख सचिव श्री शुक्ल ने करमदी, बिबड़ोद इत्यादि ग्रामों में निवेश क्षेत्र का जायजा लिया। स्थानीय उद्योगपतियों से चर्चा की। प्रमुख सचिव ने कहा कि निवेश क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति की निजी भूमि नहीं ली जाएगी। यदि व्यक्ति स्वयं आकर अपनी भूमि देने का ऑफर करें तो उस पर विचार किया जाएगा। निवेश क्षेत्र में पर्याप्त शासकीय भूमि है और निजी भूमि की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने भी स्पष्ट किया कि निवेश क्षेत्र में योजना का क्रियान्वयन पूर्णता शासकीय भूमि पर ही होगा। प्रमुख सचिव ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों से रोजगार के लिए होने वाले पलायन को रोकना है और स्थानीय व्यक्तियों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराना है। प्रमुख सचिव ने करमदी नमकीन क्लस्टर के व्यवसायियों से चर्चा की, इकाइयों का निरीक्षण किया। जावरा में शुगर मिल परिसर में भी स्थल निरीक्षण किया, कार्य योजना देखी। शुगर मिल परिसर में बहुउत्पाद औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाना है, औद्योगिक इकाइयां स्थापित होना है। इस दौरान औद्योगिक विकास निगम कार्यकारी संचालक इंदौर रोहन सक्सैना, मुख्य महाप्रबंधक आर.के. भंवर भी मौजूद थे।

नवभारत 31/7/21

# कचरा पात्र नहीं रखने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम ● नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्रवाई की जा रही है जिसके तहत 11 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व स्पॉट फाईन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर चेतन बुद्धेश्वर रोड पर 1000, दिलीप सिंह राठौर व जोगी माता जवाहर नगर पर 500-500, जानीबाई, चेतराम, दुर्गाबाई टीआईटी रोड, रमेश माली, दिलीप मित्र निवास रोड व हरमाला रोड पर 3 दुकानदारों पर 250-250 रुपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

स्वदेश

स्वदेश 31/7/21

# गंदगी करने वाले 19 लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ

वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश

# मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना : 15 आवेदकों को मिले नियुक्ति पत्र

रतलाम। मुख्यमंत्री कोविड अनुकंपा नियुक्ति योजना के अंतर्गत पात्र आवेदकों को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने शुक्रवार को वर्चुअली नियुक्ति पत्र प्रदान किए। रतलाम एनआईसी कक्ष में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी आवेदकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए । इस अवसर पर सीइओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया आदि उपस्थित थे।

जिले में जिन आवेदकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए उनमें आशुतोष पत्नी स्वर्गीय सीमा श्रीवास्तव निवासी रतलाम, नवीन कुमार डामोर पिता स्वर्गीय भालचंद्र डामोर ग्राम चिखलिया, अमित वर्मा माता स्वर्गीय सौरभ वर्मा निवासी पंचेड, मोहित मालीवार पिता स्वर्गीय मांगीलाल मालीवार ग्राम मऊखेड़ी, कमलसिंह देवड़ा पिता स्वर्गीय शंभूसिंह देवड़ा रामरहीम नगर रतलाम, अभिमाएल लिंकन माता स्टेला लिंकन निवासी रतलाम, पीयूष बिलवानिया पिता स्वर्गीय कैलाशचंद्र निवासी बेड़दा, हेमंत भंवर माता स्वर्गीय राजुल भंवर निवासी अलकापुरी, राकेश पिता स्वर्गीय कमल मईडा निवासी सैलाना, रामी पति स्वर्गीय रमेशचंद्र गणावा निवासी मकड़ीपाड़ा सैलाना, राजेश परिहार माता बरड़ीबाई निवासी ग्राम धामनोद, सपना अग्रवाल पिता स्वर्गीय फकीरचंद्र दायमा निवासी ताल, महेंद्रसिंह पिता स्वर्गीय ईश्वरसिंह सोलंकी निवासी दीनदयाल नगर, आलोक श्रीवास्तव पिता मदनलाल श्रीवास्तव निवासी रतलाम, संध्या पिता अवधेश बौरासी निवासी रतलाम को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि रतलाम जिले में मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति हेतु 32 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए थे। इनमें से 15 आवेदन पत्रों में समिति की अनुशंसा के आधार पर पात्र पाए जाने पर इन्हें अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। 4 आवेदन पत्र में आवेदन कर्ताओं द्वारा डबल ऑनलाइन आवेदन किए गए। आदिवासी विकास विभाग के 5 प्रकरणों में जिले में पद रिक्त नहीं होने से आवेदन भोपाल प्रेषित किए गए। जल संसाधन विभाग के एक प्रकरण में प्रकरण भोपाल प्रेषित किया गया। 7 आवेदन अपात्र पाए जाने पर निरस्त किए गए।

Dabang

# जिले में आज 99 स्थानों पर होगा टीकाकरण

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में शनिवार को 99 स्थानों पर टीकाकरण किया जाएगा। कुल 26 हजार 700 टीके लगाने का लक्ष्य है। इसमें 22530 लोगों को पहला व 4170 को दूसरा डोज लगाया जाएगा।

शहर में जावरा फाटक केंद्र, जमातखाना शेरानीपुरा, दारूल गोसिया कुरैशी मंडी, रेडक्रास भवन बिरियाखेड़ी, अशोकनगर जामिया मदरसा, डीआरएम कार्यालय, काश्यप सभागृह सागोद रोड, गुरु रामदास पब्लिक स्कूल पर पहला डोज लगाया जाएगा।

इसी तरह अलकापुरी कम्युनिटी हाल, माहेश्वरी भवन कसारा बाजार केंद्र पर दूसरा डोज लगवा सकेंगे। न्यू कलेक्टोरेट में विदेश जाने वालों को, घटला कालोनी पर रेलवे कर्मचारियों को, पत्रकार भवन पर पत्रकारों को पहला व दूसरा डोज लगेगा। आइएमए हाल पर कोवैक्सीन का दूसरा डोज लगाया जाएगा।

**चौथे दिन एक भी नया पाजिटिव केस नहीं :** जिले में लगातार चौथे दिन शुक्रवार को एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या दो है। जिले में अब तक 17500 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17187 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

नईदुनिया 31/7/21

# आज 99 केंद्रों पर 26,700 लोगों को लगेगी वैक्सीन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शनिवार को 26,700 लोगों को वैक्सीन लगेगी। दोपहर 2 बजे बाद भी केंद्र पर टोकन का पूछ सकते हैं।

शनिवार को शहर में जावरा फाटक, शेरानीपुरा जमातखाना, दरउलम गोसिया, रेडक्रॉस भवन बिरियाखेड़ी रोड, अशोक नगर मदरसा, डीआरएम ऑफिस, काश्यप सभागृह, गुरुरामदास स्कूल, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल (कोविशील्ड सेकंड डोज), माहेश्वरी भवन कसारा बाजार (कोविशील्ड सेकंड डोज), आईएमए हॉल (को-वैक्सीन) में टीकाकरण किया जाएगा। जिले में 22530 लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगेगा। वहीं, 4170 लोगों को सेकंड डोज लगाया जाएगा।

**रतलाम में वैक्सीनेशन** - 45+ के 82% वैक्सीन लगवा चुके हैं। युवा 78.05% लोग टीका लगवा चुके हैं। अन्य ब्लॉक में 18+ के 30 से 40% लोगों को ही टीका लगा है।

**गर्भवती महिलाओं को मंगलवार और शुक्रवार को वैक्सीन** - इधर, वैक्सीनेशन केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं का मंगलवार और शुक्रवार को वैक्सीनेशन हो रहा है।

दै. भास्कर 31/7/21

सुविधा नहीं मिल रही, उठाएंगे आवाज

# निगम के स्वास्थ्य कर्मियों के लिए कांग्रेस करेगी आंदोलन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को जो सुविधा तीन साल से नहीं मिल रही है उसके लिए अब कांग्रेस ने आवाज उठाने का निर्णय लिया है। पत्रिका द्वारा इन कर्मचारियों को सुविधाएं दिलवाने के अभियान को अब कांग्रेस आंदोलन का रूप देकर पूरा करवाने का प्रयास करेगी। बता दें की निगम के इन कर्मचारियों को रेनकोट से लेकर जूते तक निगम नियम में होने के बाद भी नहीं दे रही है।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के 900 कर्मचारी है जो मैदान में जाकर सफाई का कार्य करते है। यह कर्मचारी गंदे नालों में कमर तक उतर कर सफाई का कार्य करते हैं। नियम कहता है नालों में उतरने से पहले इनके पास बेहतर जूते होना चाहिए। अब तक निगम ने इनको यह संसाधन नहीं दिया है। हर दो साल में एक बार रेनकोट देने का नियम है, तीन साल से वितरण नहीं हुआ है।

## आंदोलन की चेतावनी

नगर निगम सफाई संयुक्त संघर्ष समिति ने शुक्रवार शाम को बैठक की। इस बैठक में अब आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक सप्ताह का अंतिम नोटिस नगर निगम को देने पर सहमती बनी है। बैठक में समिति अध्यक्ष राम कल्याणे के नेतृत्व में कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस देगी ज्ञापन

इधर शहर कांग्रेस ने भी इन कर्मचारियों का साथ देने का निर्णय लिया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया सोमवार को निगम प्रशासक व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को ज्ञापन दिया जाएगा। इसमें निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को रेनकोट व जूते देने की मांग की जाएगी। इसके अलावा एक सप्ताह में संसाधन सुधारने की मांग की जाएगी। अगर सुधारे नहीं गए तो आंदोलन किया जाएगा।

# शासकीय भूमि पर ही विकसित होगा रतलाम का नया औद्योगिक निवेश क्षेत्र

## प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया

रतलाम ● स्वदेश समाचार

प्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने विधायक चेतन्य काश्यप के साथ रतलाम में बनने वाले विशेष औद्योगिक निवेश क्षेत्र का निरीक्षण किया। यह निवेश क्षेत्र 1542 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर ही विकसित किया जाएगा। विधायक श्री काश्यप के अनुसार निवेश क्षेत्र के लिए कोई भी निजी कृषि भूमि अधिगृहित नहीं की जाएगी।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि रतलाम निवेश क्षेत्र की योजना वर्ष 2014 में तैयार की गई थी, तब यह दिल्ली-मुम्बई रेलवे फ्रेट कॉरिडोर से संबद्ध थी। वर्तमान में दिल्ली-मुम्बई के बीच बन रहे 8 लेन एक्सप्रेस वे से इसकी प्रासंगिकता और बढ़ गई है। इसीलिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने 4 फरवरी को रतलाम प्रवास के दौरान इस प्रदेश के दूसरे बड़े निवेश क्षेत्र को विकसित करने की घोषणा की थी। उनकी घोषणानुसार इसे चरणबद्ध रूप से विकसित किया जाएगा। विशेष निवेश क्षेत्र के लिए 1542 हेक्टेयर शासकीय भूमि उद्योग विभाग को



आवंटित की जा चुकी है। इस निवेश क्षेत्र से लॉजिस्टीक, औद्योगिक, व्यावसायिक, आवासीय, शैक्षणिक एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का विकास होगा।

श्री शुक्ला व श्री काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, औद्योगिकी विकास निगम के कार्यकारी संचालक रोहन सक्सेना, मुख्य प्रबंधक आर.के. भंवर के साथ रतलाम के ग्राम बिबड़ोद इत्यादि में पहुंचकर निवेश क्षेत्र का जायजा लिया। उन्होंने औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी संचालक श्री सक्सेना को निर्देश दिए कि नए औद्योगिक निवेश क्षेत्र का देशभर में प्रचार-प्रसार किया जाए और निवेश करने इच्छुक उद्योगपतियों को समूह बनाकर रतलाम में लाने की योजना भी बनाए। श्री शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए देश के कई बड़े उद्योगपति इच्छुक है।

प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने ग्राम करमदी में नमकीन क्लस्टर की इकाइयों का भी निरीक्षण भी किया। उन्होंने यहां स्थानीय उद्योगपतियों और गणमान्य व्यक्तियों से चर्चा की।

### जावरा में भी निरीक्षण किया

श्री शुक्ला ने जावरा में शुगर मिल परिसर में भी स्थल निरीक्षण किया, कार्य योजना देखी। शुगर मिल परिसर में बहुउत्पाद औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाना है। औद्योगिक इकाइयां स्थापित होना है। इस दौरान औद्योगिक विकास निगम कार्यकारी संचालक इंदौर रोहन सक्सेना, मुख्य महाप्रबंधक आर.के. भंवर भी मौजूद थे। स्वदेश


स्वदेश 31/7/21

प्राचीन बावड़ियों को सहेज रही नगर निगम

# बावड़ियों की पहले हो रही सफाई, फिर कर रहे मनमोहक पैंटिंग

पत्रिका सोशल प्राइड

रतलाम. एक समय शहर में पेयजल का प्रमुख स्त्रोत रही प्राचिन बावड़ियों को अब नगर निगम ने सहेजना शुरू किया है। नगर निगम ने इन बावड़ियों की सुध लेते हुए पहले इन बावड़ियों की बेहतर सफाई करवाना शुरू की है इसके बाद आकर्षक पैंटिंग करके इनको मनमोहक बनाया जा रहा है। इससे गंदगी व बदबू से भरी हुई बावड़ियों के नजारे ही बदल गए हैं।



अधिक समय नहीं हुआ जब नगर निगम के सामने की अमरेश्वर महादेव के करीब शहर के दो मुंह की बावड़ी हो या दो बत्ती स्थित पुलिस थाने के करीब मनकामनेश्वर महादेव मंदिर से जुड़ी बावड़ी, इनको देखने का मन तक मंदिर में जाने वालों को नहीं होता था। इन बावड़ियों में कचरा, गंदगी, बदबू के कारण इसके करीब जाते ही मन उचट जाता था। ऐसे में कई बार इन बावड़ियों के सुधार को लेकर आवाज उठी, लेकिन कभी इसको गंभीरता से नहीं लिया गया।

नगर निगम ने जलमिशन योजना अंतर्गत शहर की प्राचिन बावड़ियों को सहजने का काम शुरू किया है। रहवासियों को ही ध्यान रखना होगा। - **सौमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 31/7/21